## एक नजर

### दोस्तों के साथ चाय पीने आई युवती को पीटा

इंदौर। शहर के भगत सिंह नगर श्रुति पिता रामनारायण निषाद ने बक्षी बाग के गोलू गौड और सोनू गौड के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज कराया है। एमजी रोड थाना पुलिस के मुताबिक युवती गुरुवार शाम को अपने दोस्तों के साथ चाय पीने के लिए गई थी, तभी वहां आरोपित आए और पुरानी बात को लेकर मारपीट करने लगे। युवती को भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर, आरोपितों की तलाश कर रही है। वहीं अंबार नगर के रहने वाले 14 वर्षीय फरहान पिता इरफान खान ने चार अज्ञात आरोपितों के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज कराया है। पुलिस के मुताबिक एमबी खालसा हायर सेकेन्डरी स्कूल के ग्राउंड में आरोपित के पास कुछ आरोपित आए और उसके साथ मारपीट कर चोट पहुंचाई। इसके बाद केस दर्ज कराया। इसी तरह लुनियापुरा में रहने वाली 55 वर्षीय सरला पत्नी संतोष गडेले ने जेल के पीछे आजाद नगर में रहने वाले श्याम के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज कराया है। रावजी बाजार थाना पुलिस के मुताबिक सरला ने बताया कि आरोपित उसका दामाद है, पहले तो उसने सरला को पीटा, इसके बाद उनसे पत्नी के साथ भी मारपीट कर, हत्या की धमकी दी। केस दर्ज करने के बाद आरोपित फरार है।

### ट्विंकल डागरे के पिता-भाई और मां पर रिश्तेदार ने किया हमला

इंदौर। बाणगंगा के फ्रीगंज मरीमाता चौराहे पर रहने वाले डागरे परिवार पर उनके बड़े भाई ने हमला कर दिया। पुलिस ने दोनों ही पक्षों की शिकायत पर एक-दूसरे के खिलाफ केस दर्ज किया है। ट्विंकल डागरे के पिता का आरोप है कि उनका बड़ा भाई ट्विंकल के हत्यारों से मिल चुका है। इसलिए वह जानबूझकर हमला करता है। बाणगंगा पुलिस ने फ्रीगंज निवासी संजय डागरे की शिकायत पर उनके बड़े भाई विजय, उसकी पत्नी सोनिया, परिवार की पूजा और टीना डागरे के खिलाफ केस दर्ज किया है। संजय ने बताया कि 4 फरवरी की दोपहर 2:30 बजे उनका बेटा हर्ष पंपलेट लेने के लिए घर से बाहर जा रहा था। तभी पूजा ने हर्ष को गालियां दी। रोका और धमकाने लगी। यह देख संजय की पत्नी रीता पहुंची। उसने गाली देने से मना किया। इस पर पूजा ने पटिया उठाकर हर्ष से मारपीट कर दी। फिर विजय सोनिया और टीना भी आ गए। उन्होंने हर्ष को पीटना शुरू किया। बचाने आई रीटा को भी मारा। तभी संजय वहां पहुंचा तो उसे भी सरिया मार दिया। उधर, पुलिस ने दूसरे पक्ष से पूजा की शिकायत पर हर्ष, संजय और उनकी पत्नी रीता डागरे के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### नाबालिग का हाथ पकड़ा

इंदौर। व्यंकटेश विहार प्रगति स्कूल के पीछे रहने वाली नाबालिग ने एरोड्रम थाने में शिकायत दर्ज कराई कि वह स्मृति नगर शिवमंदिर के पास से गुजर रही थी तभी व्यंकटेशन नगर में रहने वाला लक्की मद्रासी ने उसका बुरी नीयत से हाथ पकड़ा और छेड़छाड़ की। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ पाक्सों एक्ट का प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी।



नए डीआईजी कपूरिया बोले-

# हमारी कोशिश ऐसा इंदौर हो जहां बेखौफ घूमे बेटियां

### अपराधियों के मन में हमेशा बना रहे डर, बेटियों बिना डर के निकलें

इंदौर। आईजी हरिनारायणचारी मिश्र के पद संभालने के अगले ही दिन नवागत डीआईजी मनीष कपूरिया ने कार्यभार ग्रहण कर लिया। डीआईजी कार्यालय में एसपी मुख्यालय सहित अधीनस्थ अधिकारियों ने उनकी अगवानी की। डीआईजी की कुर्सी पर बैठने के साथ ही उन्होंने अपने इरादे स्पष्ट कर दिए और बता दिया कि वे बेटियों की सुरक्षा, ट्रैफिक और संगठित अपराधों पर तेजी से काम करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि शहर में बेटियों इतनी सुरक्षित हों कि वे बिना किसी डर के आराम से घूम-फिर सकें।

नवागत डीआईजी मनीष कपूरिया ने पदभार ग्रहण करने के बाद कहा कि जिस प्रकार से इंदौर स्वच्छता में नंबर वन है। उसी प्रकार से पुलिसिंग और क्राइम में कमी में भी यही मानदंड रहे। सफाई में नंबर वन बनाने का यहां के नागरिकों का बहुत बड़ा योगदान रहा है। बिना लोगों के सहयोग के कोई शहर नंबर वन हो ही नहीं सकता। यही चीज हमें कानून व्यवस्था में लानी है और अपनी सोसाइटी को क्राइम फ्री करना है। लोगों से पुलिस सहयोग की अपेक्षा करती है। उन्होंने कहा कि संगठित अपराधों में जीरो टॉलरेंस करेंगे। बेटियों सुरक्षित रहें, वे बिना किसी भय के घूम सकें, इसके लिए काम करेंगे। पुलिस भी हर नागरिक से रिस्पांसिबल व्यवहार करे। ट्रैफिक में भी जो सुधार की जरूरत है, उस दिशा में काम किया जाएगा।

डीआईजी मनीष कपूरिया 2001 से 03 तक विजय नगर सीएसपी और 2006 से 08 तक इंदौर ग्रामीण एएसपी के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। उनका कहना है कि वे साढ़े चार साल यहां रहे हैं, इसलिए यह शहर जाना पहचाना है।

# शिक्षिका के साथ ठगी, लाखों के जेवरात ले भागे बदमाश

### बर्तन चमकाने के बहाने से पहुंचे और घर में आ गए

इंदौर। बर्तन चमकाने के नाम पर एक महिला शिक्षिका ठगी का शिकार हो गई। दो ठग बर्तन चमकाने आए और बातों में उलझाकर पहने हुए गहने साफ करने के लिए उतरवा लिए। उन्होंने टीचर को अपनी मां जैसा बता दिया। टीचर भी अपनापन दिखाते हुए उन्हें फल खिलाने लगी। उन्होंने टीचर को इस प्रकार से फांसा कि वह उनकी चाल समझ नहीं पाई। जब तक वह बदमाशों के अपराध करने के तरीके को समझ पाती, दोनों बदमाश 3 लाख रुपए कीमत के जेवरात लेकर जा चुके थे। सूचना के बाद पुलिस पहुंची, लेकिन घर और पड़ोस के सीसीटीवी बंद मिले। पुलिस अब क्षेत्र में लगे अन्य फुटेज में बदमाशों को तलाश रही है।

55 साल की शशिकला पति भानूप्रकाश तिवारी निवासी तक्षशिला परिसर ने बताया कि 3 फरवरी को 11 से 11.30 बजे के बीच ठगोरों ने वारदात को अंजाम दिया। दो लड़के सफेद शर्ट और काली पैंट और पॉलिस किए हुए शूज पहनकर गेट पर आए। उनके माथे पर चवन्नी जैसे आकार का तिलक लगा था, जिस पर चावल चिपका हुआ था। आते ही बोले कि आंटी हम तांबे और पीतल के बर्तन चमकाने का काम करते हैं। आपके घर पर जो बर्तन हों वे हमें दे दो। इस पर मैंने कहा कि अभी मेरे पास टाइम नहीं है, क्योंकि मेरे स्कूल जाने का समय हो रहा है। अभी आप लोग जाओ। मेरे मना करने के बाद भी वे माने नहीं। जिद करने पर मैंने उन्हें तांबे का कलश साफ करने के लिए दिया। उन्होंने गमले में पानी डालकर तत्काल कलश को साफ कर दिया। इस पर मैं कलश को भीतर रखने गई तो वे मेरे पीछे-पीछे भीतर आ गए और सोफे पर बैठ गए।

### टाइम बेकार नहीं होने देंगे

उन्होंने कहा कि और कुछ हो तो वह भी दे दो, हम उसे भी साफ कर देते हैं। इस पर मैंने कहा कि बेटा मेरे यहां कुछ गंदा नहीं है। इस पर उन्होंने कहा कि भगवान जी के जो सोने-चांदी के सिक्के होते हैं, उन्हें भी हम एक मिनट में साफ कर देंगे। आपका बिल्कुल भी टाइम बेकार नहीं होगा। उन्होंने कहा कि पायल हो तो दे दो साफ कर देते हैं। इस पर मैंने एक मोटी पायल दी, जिसे देख वे बोले आंटी आप हरियाणवी हो क्या।

### बातों में उलझाकर गहने उतराए

मैंने कहा कि नहीं बेटा, वो तो शादी में आई थी। इसके बाद पायल साफ कर दे दी। फिर कहा- पहने हुए जेवर भी साफ करवा लो। इस पर मैंने कहा कि ये तो साफ हैं अब आप लोग जाओ। इस पर वे कहने लगे कि आंटी साफ करवा लो, एक जैसे हो जाएंगे। इसके बाद गले में पहनी हुई चेन और पेंडल, दोनों कंगन उन्हें दे दिए। उन्होंने एक डिब्बी से गेरू जैसा कुछ निकाला और मुझसे एक कटोरी मांगी। कटोरी में रख उसने कुछ लिक्विड डाल दिया। इसके बाद कहा कि आंटी कटोरी में नीचे हाथ लगाकर देखो। इसकी ताशीर ठंडी है, इसलिए यह असली है। यदि यह गरम होता तो नकली रहता।

### किसी के झांसे में मत आना

इस दौरान एक बदमाश ने कहा - आंटी आप किसी के झांसे में मत आना। आप तो मेरी मां जैसी हो। आपने इतना विश्वास मुझ पर किया। मैं उसे छीलकर चीकू खिला रही थी। इसके बाद उन्होंने गहनों को गेरू से निकला और एक पेपर में लपेट दिया। इसके बाद कहा कि आंटी इसे भीतर लेकर चले जाओ। इसके बाद उन्होंने एक कुकर मंगवाया और उसमें बहुत सारा पानी भरकर ढाई चम्मच हल्दी डलवा दी। फिर एक पीला कपड़ा निकाला और गहनों को साफ किया। हाथ में गहने लेकर उसने मुट्ठी को कुकर में डुबोने की कोशिश की, जिससे मुझे यह लगे की गहने कुकर में डाल दिए हैं।

### चालू नहीं थे सीसीटीवी कैमरे

मैंने तत्काल अपना हाथ कुकर में डाला, लेकिन उसमें गहने नहीं थे। इस पर मैंने उससे कहा कि ला मेरे गहने दे। इस पर उसने गहने मुझे दे दिए, जिसे मैंने खुद ने कुकर में डाला। इसके बाद कुकर का ढक्कन बंद कर दिया। इस पर उन्होंने कहा कि थोड़ी सी हल्दी लेकर आओ। हल्दी लेने गई और वे तीन लाख की ज्वेलरी लेकर चंपत हो गए। मैं उनके पीछे भी गई, लेकिन वे नहीं मिले। मेरे घर के अलावा पड़ोस में भी कैमरे लगे हैं, पर किसी कैमरे ने काम नहीं किया। अब पड़ोस के दूसरे कैमरे द ेख रहे हैं।

**डी. पी. आभूषण लिमिटेड**
CIN: L74999MP2017PLC043234
Regd. Off.: 138, चांदनी चौक, रतलाम (म.प्र.)-457001
दूरभाष क्रमांक: +91-7412-490966,408900;
E-mail: cs@dpjewellers.com
Website: www.dpjewellers.com

**निर्देशक मंडल की बैठक हेतु सूचना**

यह सूचित किया जा रहा है कि सूचीकरण विनियमन के रेगुलेशन 33 के अनुसार डी. पी. आभूषण लिमिटेड के निर्देशक मंडल की बैठक गुरुवार 11 फरवरी, 2021 को कंपनी के पंजीकृत कार्यालय पर, 31 दिसंबर 2020 को पूरे होने वाले तिमाही अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों को मंजूरी देने के लिए आयोजित की जा रही है। सूचीकरण विनियमन के रेगुलेशन 47 के अनुसार पूर्वोक्त नोटिस कंपनी की वेबसाइट www.dpjewellers.com/और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.nseindia.com पर भी उपलब्ध हैं।

डी. पी. आभूषण लिमिटेड
विकास कटारिया
दिनांक: 05 फरवरी 2021 प्रबंध संचालक
स्थान: रतलाम (म.प्र.) DIN: 02855136



# अरविंदो अस्पताल में एक माह तक कैंसर मरीजों का मुफ्त इलाज

इंदौर।अरविंदो कॉलेज के चेयरमेन डॉ. विनोद भंडारी के अनुसार अरविंदो अस्पताल में जल्द ही प्रिवेंटिव ऑकोलॉजी विभाग शुरू किया जाएगा। साथ ही कैंसर के मरीजों के लिए अगले एक माह तक अरविंदो अस्पताल में निःशुल्क चिकित्सा सुविधा दी जाएगी।डॉ भंडारी के अनुसार जिसमें कैंसर की शुरूआती पहचान करने वाले विभिन्न जांचे जिसमें सोनोग्राफी, मेमोग्राफी, पेपरस्मीयर की जांच मुफ्त में की जाएगी। इसके अलावा यहां पर कैंसर उपचार, रोकथाम व उसकी पहचान के लिए एक फैलोशिप पाठ्यक्रम भी शुरू होगा। ये बातें अरविंदो कॉलेज के चेयरमेन डॉ. विनोद भंडारी ने कैंसर दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में कही। ।उन्होंने बताया कि फैलोशिप पाठ्यक्रम में संस्था के अनुभवी विशेषज्ञों, पीजी व छात्रों के साथ अन्य विशेषज्ञ भी शामिल होंगे। यह पाठ्यक्रम स्थानीय विश्वविद्यालय एंव विश्व स्तरीय संस्थाओं से भी संबंद्ध रहेगा। इस पाठ्यक्रम में मरीजों को विश्व स्तरीय रोबोटिक, लेप्रोस्कोपिक व एंडोस्कोपिक पद्धति से दी जाने वाली चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी को भी शामिल किया जाएगा।

# कॉमेडियन फारुकी को अंतरिम जमानत

### देवी-देवताओं पर टिप्पणी के आरोपी को सुप्रीम कोर्ट से राहत

इंदौर। स्टैंडअप कॉमेडियन मुनव्वर फारुकी को सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अंतरिम जमानत दे दी। उन पर हिंदू देवी-देवताओं, गृह मंत्री अमित शाह और अन्य नेताओं पर अशोभनीय टिप्पणी करने का आरोप है। वे इंदौर की केंद्रीय जेल में करीब एक महीने से बंद हैं। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि उनकी रिहाई होगी या नहीं, क्योंकि इस मामले में उन पर कई जगह केस दर्ज किए गए हैं।

फारुकी नए साल पर इंदौर में 56 दुकान स्थित मुनरो कैफे के कार्यक्रम में प्रस्तुति देने आए थे। हिंदू संगठनों को खबर लगी तो वे भी टिकट लेकर इस कार्यक्रम में पहुंचे। वहां फारुकी से पहले कॉमेडियन प्रियम प्रतीक व्यास ने ही कथित रूप से हिंदू देवी-देवताओं पर अशोभनीय टिप्पणी शुरू कर दी। इस पर हिंदू संगठन के नेताओं ने उनकी पिटाई कर दी और थाने ले गए। फारुकी ने सुप्रीम कोर्ट में एक और याचिका लगाई है। इसमें उन्होंने अपने खिलाफ अलग-अलग राज्यों में दर्ज केस को एक जगह ट्रांसफर करने की मांग की है।

फारुकी पर एक केस प्रयागराज में दर्ज किया गया है। इसमें पिछले महीने प्रोडक्शन वारंट जारी किया गया था, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने अभी रोक लगा दी है। फारुकी ने इससे पहले डिस्ट्रिक्ट कोर्ट और हाईकोर्ट की इंदौर बेंच में जमानत अर्जी लगाई थी, जो खारिज हो गई थी।

फारुकी गुजरात के रहने वाले हैं। उन पर पहले भी हिंदू देवी-देवताओं का अपमान करने का आरोप लगता रहा है। इसके कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर मौजूद हैं।

### तलवार सहित गिरफ्तार

इंदौर। गांधीनगर पुलिस ने बताया कि गांधीनगर से ईश्वर कुशवाह निवासी ग्राम रिजलाय को गिरफ्तार कर उसके पास से तलवार जब्त की। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है कि वह तलवार लेकर क्षेत्र में किस नीयत से घूम रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की।

**Ranjit SECURITIES LTD.**
CIN : L67120MP1994PLC008680
Regd. Off. : 317-318, Transport Nagar, Scheme No. 44, INDORE-14
Phone : 0731-4058447, 4293747, Fax : 0731-2366558
Email: compliance@ranjitsecurities.com, Website: www.ranjitsecurities.com

**NOTICE**

Pursuant to Regulation 47(1)(b) of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulation, 2015. Notice is hereby given that the 07/2020-21 Meeting of the Board of Directors of the Company will be held on **Saturday, 13th February, 2021, at 04:00 PM, at 317-318, Transport Nagar, Scheme No. 44, Indore, (M.P.)-452014** to consider and approve the Unaudited Financial Results for the Quarter ended 31st December, 2020.
For further details investors may also visit the website of the company **(www.ranjitsecurities.com)** and Bombay Stock Exchange **(www.bseindia.com)**

On behalf of the Board
Sd/-
Durga Ratnani
(Company Secretary cum Compliance Officer)
Place : INDORE
Date: 06.02.2021
VIGILANCE

**BIOFIL CHEMICALS AND PHARMACEUTICALS LIMITED**
CIN: L24233MP1985PLC002709
Regd. Office : 11/12, Sector E, Sanwer Road, Indore (M.P.) 452015
Tel.:0731-2426700 Email id: bcplcompliance@gmail.com, website: www.biofilgroup.net

**BOARD MEETING NOTICE**

**NOTICE** is hereby given that pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, that a meeting of Board of Directors of the Company will be held on **Friday 12th February, 2021** to consider and approve the un-audited Financial Results of the Company for the quarter as well as nine months ended on 31st December 2020, along with other routine businesses.
This intimation is also available on the website of the company at **www.biofilgroup.net** and also on the websites of Stock Exchanges i.e. at **www.bseindia.com** and **www.nseindia.com.**

For Biofil Chemicals and Pharmaceuticals Limited
Sd/-
Ramesh Shah (Managing Director)
DIN : 00028819
Place : Indore
Dated: 5th February 2021
C/o/n/v/e/y-ad

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व क्षेत्र सरदारपुर जिला धार (म.प्र.)**

प्रकरण क्रमांक/2020-21/अ-20 (4)
प्रो.क्र.6439 दिनांक 03.02.2021

**विज्ञप्ति**

एतद विज्ञप्ति द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि अनुसूची में उल्लेखित ग्राम/कस्बा की भूमि/भू-खंड/खंडहर पर आवेदक ने निर्माण संरचना किये जाने हेतु शासकीय नजूल भूमि का समावेश नहीं है, अनापत्ति प्रमाण पत्र की मांग की गई है।

अनुसूची

| नाम आवेदक भूखंडधारी | ग्राम/कस्बा | लंबाई,चौडाई | चतुरसीमा |
|---|---|---|---|
| श्री राजेशकुमार पिता गोविंदप्रसाद रामावत जाति बैरागी निवासी नगर राजगढ तहसील सरदारपुर जिला धार | नगर राजगढ के वार्ड क्रं.05 चन्द्रशेखर मार्ग स्थित भूखंड | लंबाई उत्तर से दक्षिण 45 फीट तथा चौडाई पूर्व से पश्चिम-15 फीट 675 वर्ग फीट | उत्तर मे-ए.के. शर्मा का मकान दक्षिण में-आम रास्ता पूर्व मे चंदरसिंह अलावा का मकान पश्चिम में-आम रास्ता |

2.अतः उक्त प्रश्नाधिन भूमि/भवन/खंडहर पर निर्माण किये जाने की अनुमति दिये जाने के संबंध में किसी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह व्यक्ति अपनी लिखित मेरे न्यायालय में उक्त विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से एक सप्ताह के अंदर कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत कर सकता है नियत समयावधि पश्चात किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति प्रस्तुत की जाती है तो उस पर किसी प्रकार का कोई विचार नहीं किया जावेगा 3. यह विज्ञप्ति आज दिनांक 03.02.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से प्रसारित की कई

अनुविभागीय अधिकारी
(राजस्व) क्षेत्र सरदारपुर



### अवैध शराब जब्त, आरोपी हिरासत में

इंदौर। जिले में शराब के अवैध विक्रय, परिवहन एवं भण्डारण करने वालों के विरूद्ध कलेक्टर मनीष सिंह के निर्देशन में आबकारी विभाग द्वारा प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में कल एक रिहायशी मकान में अवैध रूप से शराब बेचने पर कार्रवाई की गई। सहायक आयुक्त आबकारी इन्दौर राजनारायण सोनी ने बताया कि वृत छावनी के अंतर्गत कालू पिता रमेश निवासी मूसाखेड़ी क्षेत्र के एक रिहायशी मकान पर दबिश दी गई। यहां से अवैध देशी मदिरा प्लेन के 430 पाव कुल 86.00 बल्क लीटर शराब जप्त की गई।

# एनसीसी कैडेट्स ने उत्साह के साथ बाधा कोर्स का प्रशिक्षण प्राप्त किया



इंदौर। इंदौर ग्रुप की 9 एम पी बटालियन एन सी सी इंदौर द्वारा नेहरू नगर में आयोजित द्वितीय कैम्प के चौथे दिन आज कैडेट्स ने पुलिस ट्रेनिंग स्कूल मूसाखेड़ी ग्राउंड पर बाधा कोर्स का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

कैम्प एडजुटेंट मेजर डॉ संजय सोहनी ने बताया कि आज प्रातः कालीन सत्र में कैडेट्स को पुलिस ट्रेनिंग स्कूल ग्राउंड की शार्ट फायरिंग रेंज पर पॉइंट 22 डीलक्स राइफल से फायरिंग करवाने के उपरांत बाधा कोर्स करने का प्रशिक्षण हवलदार उपेंद्र शेखावत ने प्रदान किया। एनसीसी कैडेट्स को ट्रेनिंग के दौरान विभिन्न प्रकार की 10 बाधाएं पार करना जरूरी होता है। प्रति वर्ष नई दिल्ली में आयोजित थल सैनिक कैम्प हेतु कैडेट्स को बाधाओ को निर्धारित समय मे बिना किसी गलती के पूर्ण करना जरूरी होता है। कैम्प में शेष कैडेट्स को मेजर डॉ संजय भावसार ने आज आगामी सी प्रमाण पत्र परीक्षा के लिए युद्ध कौशल,साहसिक गतिविधियां ,सैन्य इतिहास ,प्राथमिक उपचार, नेतृत्व के गुण एवं सिविल डिफेंस विषय के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सूबेदार गजेंद्र सिसोदिया ने गर्ल्स कैडेट्स को लाइट मशीन गन ( एलएमजी ) एवं पॉइंट 22 रायफल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कल इस कैम्प का अंतिम दिन है। इसके उपरांत कल संध्या को कैडेट्सअपने अपने निवास स्थल के लिए प्रस्थान कर देंगे।

**MEDI-CAPS LTD.**
REGD. OFFICE: MHOW-NEEMUCH ROAD, SECTOR-1, PITHAMPUR-454775, DISTT. DHAR (M.P.), Tel: 07292-256205
Website: www.medicaps.com Email: investors@medicaps.com CIN: L70100MP1983PLC002231

**STANDALONE & CONSOLIDATED UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED ON 31.12.2020 (Regulation 47(1)(b) of the SEBI (LODR) Regulations, 2015)**
(₹ In Lakhs except EPS)

| PARTICULARS | STANDALONE | | | CONSOLIDATED | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | QUARTER ENDED | | YEAR TO DATE | QUARTER ENDED | | YEAR TO DATE |
| | 31.12.2020 (Unaudited) | 31.12.2019 (Unaudited) | 31.12.2020 (Unaudited) | 31.12.2020 (Unaudited) | 31.12.2019 (Unaudited) | 31.12.2020 (Unaudited) |
| Total income from operations | 0.00 | 222.52 | 0.00 | 1827.34 | 950.21 | 4562.58 |
| Net Profit / (Loss) for the period (Before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 0.00 | -508.73 | 0.00 | 343.05 | -331.63 | 893.59 |
| Net Profit / (Loss) for the period Before Tax (After Exceptional and/or Extraordinary items) | 0.000 | -508.73 | 0.00 | 343.05 | -331.63 | 893.59 |
| Net Profit/(Loss) for the period After Tax Exceptional and/or Extraordinary items) | -8.91 | -508.73 | -41.50 | 334.14 | -331.63 | 852.09 |
| Total comprehensive Income for the period [Comprising Profit/ (Loss) for the period (after tax) and other comprehensive income (after Tax)] | 39.22 | -526.83 | 64.09 | 430.44 | -328.36 | 1074.05 |
| Paid up Equity Share Capital (Face value of ₹10 each) | 1247.00 | 1247.00 | 1247.00 | 1247.00 | 1247.00 | 1247.00 |
| Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Audited Balance Sheet of previous year) | - | - | - | - | - | - |
| Earnings Per Share (of ₹10 each) (for continuing and discontinued operations) Basic: | 0.32 | -4.22 | 0.52 | 3.45 | -2.63 | 8.62 |
| Diluted: | 0.32 | -4.22 | 0.52 | 3.45 | -2.63 | 8.62 |

**NOTE:** The above is an extract of the detailed format of Quarterly Standalone and Consolidated Financial Results for the quarter ended 31st December, 2020 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (LODR) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results is available on the website of the exchange i.e. **www.bseindia.com** and on website of company i.e. **www.medicaps.com**

Date : 05.02.2021
Place : INDORE

For MEDI-CAPS LIMITED
Sd/-
ALOK K GARG
MANAGING DIRECTOR
DIN: 00274321
ANIL PUB

